## न्यूज ब्रीफ

### कचरा संग्रहण की ट्रेकिंग अब आधुनिक तरीके से होगी

घर-घर कचरा संग्रहण के लिए लगाए जा रहे ट्रेकिंग डिवाइस, कंपनी से हुआ अनुबंध

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**चिड़ावा।** घर—घर कचरा संग्रहण को लेकर आने वाली शिकायतों को दूर करने के लिए अब नगरपालिका आधुनिक तरीके से इस कार्य की मॉनेटरिंग करेगी। इसके लिए नगरपालिका ने एक कंपनी के साथ अनुबंध किया है। ईओ रोहित कुमार मील ने बताया कि नगरपालिका क्षेत्र में घर-घर कचरा संग्रहण के लिए मैसर्स वीवॉयस लैब्स प्रालि जयपुर के साथ अनुबंध किया गया है। उक्त फर्म नगरपालिका क्षेत्र चिड़ावा में घर-घर कचरा संग्रहण व सेग्रिगेशन से संबंधित कार्य करेगी। फर्म द्वारा सफाई वाहनों की मॉनिटरिंग व ट्रेकिंग के लिए घर-घर कचरा संग्रहण में लगे सभी वाहनो को जीपीएस सिस्टम से जोड़ा गया है। घर-घर कचरा संग्रहण के वाहन नियमित रुप से वार्डों में जा रहे है अथवा नहीं। इस के लिए भी फर्म द्वारा वार्डों, गलियों में रेडियो ट्रेकिंग सिस्टम डिवाइस लगाए जा रहे है। उक्त डिवाइस घरों के बाहर फर्म द्वारा निशुल्क लगाए जा रहे है। उक्त डिवाइस व ट्रेकिंग सिस्टम के संबंध में कोई जानकारी लेनी हो तो कार्यालय समय में नगरपालिका स्टोर प्रभारी दीपक कुमार (मो.नं. 9783918913) व राजकुमार शर्मा (मो.नं. 7891841002) से सम्पर्क कर प्राप्त कर सकते है।

### गायों को गुड़ व दलिया खिलाया

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**उदयपुरवाटी।** छापोली गांव में श्री कृष्ण गौशाला में युवा सामाजिक कार्यकर्ता रोहिताश गुर्जर छापोली के नेतृत्व में गायों को गुड़ व दलिया खिलाकर मकर संक्रांति के पावन पर्व को मनाया और सभी ग्रामवासियों को मकर संक्रांति की शुभकामनाएं प्रेषित की। जिसमें रोहिताश गुर्जर छापोली ने बताया कि गायों को मकर संक्रांति दिन गायों की सेवा करनी चाहिए और समय समय पर देखभाल करनी है और गायों में देवी देवता का वास होता है। जिसकी पूजा की जाती है। गायों की सेवा करके एक सुखद अनुभूति महसूस होती है। इस मौके पर सुभाष छापोली, देव गुर्जर, धोलाराम छावड़ी, संटी शेखावत, प्रदीप शेखावत, भंवर गुर्जर, राकेश खलवा, जुगल कुमावत, अशोक गुर्जर, कमलेश सैनी, अरविंद सैनी, अनिल सैनी, विनोद गुर्जर, संदीप जांगिड़, सुभाष सैनी, देवेंद्र सैनी, प्रदीप डोई, बाबूलाल, प्रकाश गुर्जर आदि लोग मौजूद रहे।

### नौंवां सशस्त्र सेना पूर्व सैनिक दिवस मनाया

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**झुंझुनूं।** जिला मुख्यालय समेत जिले के अन्य इलाकों में मंगलवार को नौंवां सशस्त्र सेना पूर्व सैनिक दिवस मनाया गया। मुख्य कार्यक्रम शहीद स्मारक में हुआ। जहां पर जिला सैनिक कल्याण अधिकारी अर्नाल अनिल पूनियां व झुंझुनूं तहसीलदार महेंद्र मूंड के साथ—साथ मौजूद पूर्व सैनिकों, सैनिकों, शहीद परिवार के सदस्यों व अधिकारियों के साथ—साथ जनप्रतिनिधियों ने शहीद वेदी पर पुष्प चक्र अर्पित कर सभी शहीदों को श्रद्धांजलि दी। इस मौके पर जिला सैनिक कल्याण अधिकारी कर्नल अनिल पूनियां ने बताया कि आज नौंवां सशस्त्र सेना पूर्व सैनिक दिवस मनाया गया। कार्यक्रम की शुरुआत शहीद स्मारक स्थित शहीद वेदी पर पुष्प चक्र अर्पित कर शहीदों को नमन करते हुए श्रद्धा सुमन अर्पित किए गए। इसके बाद सूचना केंद्र सभागार में शहीद वीरांगनाओं और शौर्य पदक विजताओं का सम्मान किया गया। कार्यक्रम में वीरांगनाओं, विभिन्न पदक विजेताओं एवं वयोवृद्ध गौरव सैनिकों का सम्मान किया गया।

### श्री खूंतड़मल भैंरूजी स्मारिका का विमोचन

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**गुढ़ागौड़जी।** किशोरपुरा ग्राम पंचायत के आराध्य देव श्री खूंतड़मल भैंरूजी के मकर संक्रांति पर आयोजित होने वाले प्रसिद्ध मेले के अवसर पर ग्राम पंचायत के ही शिक्षाविद् डॉ. विनोद कुमार शर्मा द्वारा लिखित एवं प्रकाशित पुस्तक श्री खूतड़रमल भैरूजी परिचय एवं इतिहास स्मारिका का विमोचन बामलास धाम व कोटड़ी धाम के महंत श्री श्री 1008 लक्ष्मण दास जी महाराज के कर कमलों से हुआ। पुस्तक के लेखक डॉ. विनोद कुमार शर्मा ने बताया कि पिछले एक वर्ष से बस्ती के देवता श्री खूंतड़मल भैंरूजी पर आधारित इस पुस्तक के संकलन का कार्य चल रहा था। इस पुनीत कार्य के लिए गांव के अनेक लोगों ने संकलन के लिए सहयोग किया। विमोचन के इस अवसर पर भैंरूजी मंदिर के पुजारी परिवार के लगभग 25 लोगों का कंबल व नकद भेंट कर सम्मान भी किया गया एवं पुस्तक के प्रकाशन में सहयोग करने वाले वरिष्ठ पत्रकार राजकुमार सैनी व विष्णु सिंह राठौड़ का भी शॉल ओढ़ाकर व माला पहनाकर सम्मान किया। इस अवसर पर मीन सेना के प्रदेशाध्यक्ष सुरेश मीणा, विक्रम सिंह हीरवाना, अजीत सिंह शेखावत, हरिप्रसाद शर्मा, कैलाश शर्मा, महेश शर्मा, पूर्व सरपंच मोहनलाल सैनी, जेपी खटाणा, नरेश कुमावत, व्यवसायी सुमेर सैनी, शिंभू सैनी, विनोद अध्यापक व भैंरूजी मंदिर के पुजारी सहित अनेक गणमान्य लोग उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन सुरेश मीणा किशोरपुरा ने किया।

### फाइनल मैच जयसिंहपुरा की टीम ने जीता

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**सिंघाना।** घरड़ाना खुर्द में मकर संक्रांति के पावन पर्व चार दिवसीय खेलकूद प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। इस मौके पर क्रिकेट प्रतियोगिता में कुल 32 टीम भाग लिया। फाइनल मुकाबला घरड़ाना खुर्द व जयसिंहपुरा की के बीच खेला गया। जिसमें जयसिंहपुरा ने टॉस जीतकर पहले खेलते हुए निर्धारित 10 ओवर में आठ विकेट के नुकसान पर 77 रन बनाए। घरड़ाना खुर्द ने लक्ष्य का पीछा करते हुए सात विकेट के नुकसान पर 10 ओवर में 70 रन ही बना पाई। सात रन से हार का सामना करना पड़ा। जिसके बाद जयसिंहपुरा की टीम को विजेता घोषित किया गया। विजेता टीम को 31 हजार रूपए रुपए व ट्रॉफी तथा उप विजेता टीम को 21 हजार रुपए ट्रॉफी सुरेश राव द्वारा दी गई। इस मौके समाजसेवी संदीप राव ने सभी खिलाड़ियों को स्पोर्ट्स टीशर्ट व नगद राशी से सम्मानित किया। सुरेश राव, सरपंच उम्मेद राव, संयुक्त निदेशक अजीत, यूथ कांग्रेस जिला सचिव सरजीत राव, शिक्षाविद् विजयपालसिंह राव मौजूद थे। मैच की कोमेंट्री माही बाडेट ने की। प्रतियोगिता का लाइव मैच राज क्रिकेट फीवर पर विकास ने लाइव चलाया। इस मौके पर डॉ. सुनील, नरेश, दिवेश, अनूप, अरविंद काफी संख्या में ग्रामीण मौजूद थे।

### मकर संक्रांति पर कंबल वितरण

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**सुलताना।** भगवान सूर्य के उत्तरायण में आने के पर्व पर दिनभर दान पुण्य का दौर चला। सुबह लोगों ने मंदिरों में दर्शन किए। उसके बाद गौशालाओं में जाकर गायों को चारा खिलाया। कस्बे में श्री श्याम आशीर्वाद सेवा संस्थान की ओर से कंबल वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। सीमेंट रोड पर भामाशाह गजानंद अग्रवाल, अशोक अग्रवाल, पुष्पाहास अग्रवाल, सज्जन अग्रवाल, जगदीश अग्रवाल के सौजन्य से जरूरतमंदों को कंबल वितरण किया गया। नवल गोयनका ने बताया कि कंबल वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें 200 जरूरतमंद लोगों को कंबल वितरित किए गए। इस मौके पर करनी सेना के प्रदेश उपाध्यक्ष गोविंद सिंह शेखावत, रणवीर लांबा, निरंजन सिंह, जयनारायण पूनियां, करण सिंह नेहरा, प्रदीप सिंह शेखावत, किशोर सिंह शेखावत सहित अनेक गणमान्य लोग मौजूद थे।

## मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा की उदयपुर यात्रा

# खेलों से जागृत होता है अनुशासन एवं देशप्रेम का भाव : सीएम भजनलाल शर्मा





### प्रदेश में खेलों को मिल रहा निरंतर प्रोत्साहन, उपखंड, जिला और राज्य स्तर पर 'खेलो राजस्थान' का आयोजन

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**उदयपुर/जयपुर।** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि जीवन में धैर्य और अनुशासन से ही व्यक्ति सफल हो पाता है और खेलों में भी धैर्य व अनुशासन ही जीत की कुंजी हैं। खेलों से अनुशासन, परिश्रम, सामाजिकता एवं देशप्रेम का भाव पैदा होता है। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार प्रदेश में खेलों को प्रोत्साहन देने के लिए समर्पित ढंग से प्रयास कर रही है। प्रदेश में प्रत्येक स्तर पर खेलों के प्रोत्साहन हेतु समुचित वातावरण तैयार करने के लिए खेल-इन्फ्रास्ट्रक्चर, विज्ञान, विश्लेषण, परामर्श और पोषण का समावेश करते हुए खेल नीति लाई जा रही है। साथ ही, खिलाड़ियों को विभिन्न स्तर पर प्रशिक्षण और प्रोत्साहन देकर उनका मनोबल बढ़ाया जा रहा है। मुख्यमंत्री शर्मा मंगलवार को उदयपुर के खेड़ा कानपुर स्थित खेल मैदान में डांगी सेवा संस्थान-खल संघ उदयपुर की ओर से आयोजित 37वीं डांगी-पटेल समाज खेलकूद प्रतियोगिता के समापन समारोह को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि डांगी पटेल समाज 1989 से शुरू इस खेलकूद प्रतियोगिता के आयोजन को लगातार जारी रखते हुए खेल प्रतिभाओं को मंच उपलब्ध कराने के लिए बधाई का पात्र है।

**खेलों को प्रोत्साहन देने के लिए राज्य सरकार उठा रही कई कदम :** मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार खेल और खिलाड़ी को प्रोत्साहित करने के लिए कई कदम उठा रही है। उन्होंने कहा कि प्रदेश को खेलों के क्षेत्र में उन्नति के शिखर पर ले जाने के लिए 'मिशन ओलंपिक्स' प्रारंभ किया जा रहा है। इसके तहत प्रदेश के 50 प्रतिभाशाली खिलाड़ियों को ओलंपिक खेलों के लिए विश्वस्तरीय ट्रेनिंग, किट, कोचिंग और अन्य सभी सुविधाएं भी प्रदान की जा रही हैं। साथ ही, केंद्र सरकार की 'टारगेट ओलंपिक पोडियम (टॉप)' योजना के अनुरूप भी सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएंगी। मुख्यमंत्री शर्मा ने कहा कि हाल ही में आयोजित युवा महोत्सव में ब्लॉक, जिला, संभाग और राज्य स्तर पर विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन कर युवाओं को प्रोत्साहित किया गया है। एक जिला एक खेल योजना के तहत, प्रत्येक जिले में प्रचलित खेलों की अकादमी स्थापित की जा रही है। जयपुर में 15 करोड़ रुपये की राशि से खिलाड़ियों के लिए पुनर्वास की व्यवस्था लागू की जा रही है। उन्होंने कहा कि ग्राम पंचायत स्तर पर ओपन जिम और खेल मैदान बनाने का कार्य प्राथमिकता से किया जा रहा है। खेल क्षेत्र के लिए पिछले बजट में आवंटित राशि को चरणबद्ध रूप से दोगुना किया जाएगा।

**खेलों में राजस्थान का गौरवपूर्ण इतिहास :** सीएम शर्मा ने कहा कि राजस्थान का खेलकूद के क्षेत्र में स्वर्णिम उपलब्धियों तथा उत्कृष्ट प्रदर्शन का गौरवपूर्ण इतिहास है। बास्केटबॉल, वॉलीबॉल, निशानेबाज़ी, घुड़सवारी, तीरन्दाजी, एथलेटिक्स. नौकायन, कबड्डी आदि खेलों में राज्य के खिलाड़ियों ने कई बार राष्ट्रीय एवं अन्तर्राष्ट्रीय स्तर पर पदक प्राप्त किए है। उन्होंने कहा कि हमारे लिए यह गर्व की बात है कि इस बार पेरिस पैरालिंपिक में हमारे प्रदेश के आठ खिलाड़ियों ने भाग लिया और स्वर्ण, कांस्य सहित कुल 3 पदक जीतकर पूरे राज्य का सिर गर्व से ऊंचा किया। उन्होंने कहा कि पैरालिंपिक में मेडल जीतने वाले तीन खिलाड़ियों को 5 करोड़ के चेक प्रदान कर हमने उनका सम्मान किया है।

**उपखंड स्तर तक आयोजित होंगे 'खेलो राजस्थान' यूथ गेम्स :** मुख्यमंत्री ने कहा कि 2026 में खेलो इंडिया राष्ट्रीय युवा खेलों की मेजबानी राजस्थान को देने के लिए केंद्र सरकार से अनुरोध किया गया है। खेलो इंडिया यूथ गेम्स की तर्ज पर प्रदेश में उपखंड, जिला और राज्य स्तर पर खेलो राजस्थान यूथ गेम्स का आयोजन किया जा रहा है। इसमें पारंपरिक और स्वदेशी खेलों को भी शामिल किया गया है। उन्होंने कहा कि प्रदेश के युवाओं को खेलों में आगे ले जाने और उनकी प्रतिभा को निखारने के लिए राज्य में राष्ट्रीय उत्कृष्टता केंद्र एवं खेलो इंडिया स्टेट सेंटर ऑफ एक्सीलेंस की स्थापना के लिए भी केंद्र सरकार से आग्रह किया गया है। जयपुर में राष्ट्रीय उत्कृष्टता केंद्र खोलने से स्थानीय एथलीटों को प्रोत्साहन मिलेगा, साथ ही राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर के खिलाड़ी तैयार करने में भी मदद मिलेगी। सीएम शर्मा ने कहा कि हमारी सरकार ने एक साल के अंदर लगभग 60 हजार लोगों को नियुक्ति पत्र सौंपे हैं, 15 हजार नियुक्तियां प्रक्रियाधीन हैं तथा लगभग 81 हजार पदों पर भर्तियों का कैलेण्डर जारी किया जा चुका है। उन्होंने कहा कि हमारे कार्यकाल में एक भी पेपर लीक नहीं हुआ। पेपर लीक माफिया को जेल की सलाखों के पीछे पहुंचाया जा रहा है, इसलिए युवा चिन्ता नहीं करें, सिर्फ मेहनत से प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी करें, उनकी मेहनत जरूर सफल होगी। इस अवसर पर विधायक ताराचंद जैन, फूलसिंह मीणा, श्रीचंद कृपलानी, उदयलाल डांगी, शांतादेवी सहित जनप्रतिनिधिगण, संत, वरिष्ठ अधिकारीगण एवं बड़ी संख्या में आमजन उपस्थित रहे।

## महाकुंभ में महामंडलेश्वर डॉ. अर्जुनदास स्वामी ने किया प्रथम अमृत स्नान

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**



**झुंझुनूं।** प्रयागराज महाकुंभ का अमृत स्नान मकर संक्रांति के दिन हुआ। इस स्नान पर्व पर सभी अखाड़ों के साधु-संत अपने तय समय पर संगम घाट पहुंचकर स्नान किया। अखिल भारतीय निर्मोही अनि अखाड़ा श्री दादूपंथी महामंडलेश्वर डॉ. अर्जुनदास स्वामी बग्घी पर सवार होकर दादूराम सत्यराम के जयकारों के साथ अमृत स्नान के लिए पहुंचे। संगम पर अमृत स्नान किया। महामंडलेश्वर डॉ. अर्जुनदास महाराज बगड़, महंत नरोत्तमदास सीहा, महंत भवानीदास दादर बावड़ी जयपुर की ओर से श्री दादूदयाल अन्नक्षेत्र छावनी सेक्टर 18 में लगा है। जहां नियमित अन्नक्षेत्र एवं भंडारे का आयोजन चल रहा है। जिसमें सैंकड़ों संत भक्त श्रद्धालु प्रसाद पा रहे है। महाराज के साथ महंत रामसेवकदास महाराज चिड़ावा, सर्वाधिकारी शिष्य रोहित स्वामी, विकास कुमार, मुकेश कुमार, भगवतदास, मोहित दास सहित अनेकों श्रद्धालुओं ने स्नान किया।

## 80 एएसआई, हैड कांस्टेबल व कांस्टेबलों के तबादले

### डीआईजी शरद चौधरी ने जारी की तबादला सूचियां

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**झुंझुनूं।** डीआईजी शरद चौधरी द्वारा मंगलवार को तीन अलग—अलग तबादला सूची जारी कर कुल 80 पुलिसकर्मियों को इधर—उधर किया गया। इनमें 11 एएसआई, 12 हैड कांस्टेबल तथा 57 कांस्टेबलों के नाम शामिल है। डीआईजी शरद चौधरी द्वारा जारी की गई एएसआई की सूची में बगड़ में तैनात तथा एजीटीएफ के प्रभारी रहे एएसआई शेरसिंह फोगाट को एक बार फिर गाडाखेड़ा चौकी लगाया गया है। जो गाडाखेड़ा चौकी के प्रभारी के तौर पर कार्य करेंगे। गाडाखेड़ा चौकी सिंघाना थानान्तर्गत आती है।



वहीं 12 हैड कांस्टेबलों की सूची में खास बात यह है कि इनमें आठ नाम ऐसे है। जो पूर्व में कहीं अन्य जगह पर तबादले किए गए थे। लेकिन अब उन्हें बदलकर आठ हैड कांस्टेबलों को नई जगह पर स्थानान्तरित किया या है। वहीं दो हैड कांस्टेबलों को उनकी पूर्व की जगह पर ही यथावत रखा गया है। वहीं 57 कांस्टेबलों की सूची में भी 18 कांस्टेबल ऐसे है। जिनका पूर्व में किसी अन्य जगह पर स्थानान्तरण किया गया था। लेकिन उनकी एप्लीकेशन आने के बाद अब उन्हें नई जगह स्थानान्तरित किया गया है। वहीं तीन कांस्टेबलों का तबादला निरस्त करते हुए उन्हें पूर्व की जगह पर यथावत रखा गया है।

**कई थानों के बदले जाएंगे प्रभारी :** डीआईजी शरद चौधरी द्वारा लगातार एएसआई, हैड कांस्टेबलों तथा कांस्टेबलों के तबादले किए जा था।रहे है। लेकिन लोगों की निगाहें एसआई और सीआई की सूची पर भी है। एसआई और सीआई की सूची को जारी करने का अंतिम दिन बुधवार ही है। क्योंकि 15 जनवरी तक तबादले करने की छूट सरकार ने दे रखी है। इस सूची में आने वाले नामों के साथ कई थानों के प्रभारी भी बदले जाएंगे।

### मकर संक्रांति पर भंडारे का आयोजन

**झुंझुनूं।** राणी सती रोड चूणा चौक में चूणा चौक विकास समिति के तत्वावधान में समिति के अध्यक्ष शिवचरण पुरोहित के अध्यक्षता में व कालूराम तुलस्यान, भाजपा नेता महेश बसावतिया, एडवोकेट सुशील जोशी के आतिथ्य में मकर संक्रांति के पावन पर्व पर विशाल भंडारे का आयोजन किया गया। जिसमें लड्डू, पकौड़ी, पूरी सब्जी के साथ सुशील कुमार बाक्याण के सौजन्य से चप्पल जूते एवं महेश बसावतिया के सौजन्य से साड़ी वितरित की गई। जिसमें सैंकड़ों की तादाद में लोगों ने भंडारे में प्रसाद ग्रहण किया। इस अवसर पर अशोक तुलस्यान, उमाशंकर महमियां, रामचंद्र पंसारी, शुभकरण चौपदार, सुरेंद्र शर्मा, रामगोपाल महमियां, डॉ. डीएन तुलस्यान आदि मौजूद रहे।

# युवाओं व बच्चों ने जमकर पतंगबाजी का लुत्फ उठाया







### ठाकुरजी ने भी उड़ाई पतंग

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**चूरू।** मकर संक्रांति के अवसर पर झारिया मोरी के पास स्थित प्राचीन श्रीकृष्ण मंदिर में ठाकुरजी ने भी पतंग उड़ाई। इस दौरान राधा रानी ने चरखी थामी रखी। परंपरा के अनुसार पंतगबाजी से पहले मंदिर दर्शन करने आए भक्तों ने आराध्य गोविंद देव को पतंग उड़ाने के लिए आमंत्रित किया। मकर संक्रांति हिंदू धर्म का प्रमुख पर्व है। जो हर साल पौष महीने में मनाया जाता है। देश के अलग-अलग राज्यों में इस पर्व को खिचड़ी-पोंगल जैसे अलग-अलग नामों और परंपराओं से मनाया जाता है। राजस्थान में भी यह पर्व धूमधाम से मनाया जाता है। इस दिन ब्रह्म मुहूर्त में स्नान करने के बाद अपने आराध्य की पूजा करना और फिर तिल-गुड़ के लड्डू आदि जरूरतमंदों को दान करने से विशेष लाभ मिलता है। मान्यता है कि ऐसा करने से मृत्यु के बाद मोक्ष की प्राप्ति होती है और सभी पापों से मुक्ति मिल जाती है। इधर शहर में मकर संक्रांति पर्व पर सुबह सुबह कोहरा होने के कारण लोगों का मन उदास रहा। लेकिन दिन के दूसरे पहर से पतंगबाजी शुरू हो गई। बाद में शहर में युवाओं, महिलाएं, व बच्चें अपने घरों की छतो पर चढ़ने शुरू हो गए और पतंगें उड़ानी शुरू कर दी। देखते ही देखते पूरे आसमान में रंग बिरंगी पतंगे ही पतंगे दिखाई देने लगी। लोगों ने अपने घरों की छतों पर लगाए स्पीकरों से आ रहे गीतों के साथ पकवानों का रसास्वादन करते पतंगबाजों ने दिनभर पतंगे ओढ़ाकर पर्व का खूब आनंद लिया। वो मारा वो काटा की गूंजती आवाज और आसमान में उड़ी पतंगों का नजारा देखते लोगों में कई कटी पतंग पर झपटते नजर आए। दोपहर बाद अच्छी धूप खिलने से मौसम पतंगबाजी के अनुकूल बनने पर युवाओं ने पतंगे उड़ाने का जमकर आनंद उठाया।

### छतों पर गूंजा वो काटा-वो मारा का शोर

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**फुलेरा।** परिंदों की मानिंद उड़ान भरती रंगी-बिरंगी पतंगों से आच्छादित आसमां, घरों की छतों पर गूंजते फिल्मी गीतों के बीच उत्साह से लबरेज करता वो काटा-वो मारा का शोर और पकवानों की महक से सराबोर घर-आंगन। दान पुण्य व पतंगबाजी के लुत्फ के पर्व मकर संक्रांति पर कस्बे में कुछ ऐसा ही माहौल रहा। सुबह से ही पतंगबाजी का सिलसिला देर शाम तक चला। हर घर की छतों पर पतंग उड़ाते युवाओं ने पर्व का जमकर लुत्फ उठाया। पर्व पर पतंगबाजी के लिए पूरा शहर छतों पर नजर आया। बच्चों को कार्टून बनी पतंग आकर्षित कर रही थी तो ज्यादातर लोग सुबह से ही पतंगबाजी करते नजर आए। वहीं पंचायत समिति सदस्य धन्ना लाल नोदल ने माँ मीरा मैरिज गार्डन पर आसपास के बच्चों को पतंग भेटकर व उनके साथ पतंगबाजी की जंग के साथ एकता और भाईचारे का संदेश दिया। वहीं घरों में महिलाओं ने दान-पुण्य कर धर्म के प्रति आस्था जताई। सामाजिक व धार्मिक संस्थाओं की ओर से गायों को गुड़ आदि खिलाया गया। परंपराओं का निर्वहन कर संबंधों को प्रगाढ़ कर रिश्तों में गुड़ सी मिठास घोलते पर्व मकर संक्रांति पर घरों में महिलाओं ने लोक परंपराओं का निर्वहन किया। पर्व को लेकर बाजार में पतंग-मांझे की खरीदारी परवान पर रही।

### विदेशी सैलानियों ने की पतंगबाजी

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**झुंझुनूं।** वैसे तो पूरे देश में पतंगबाजी होती है। लेकिन मकर संक्रांति के मौके पर राजस्थान में होने वाली पतंगबाजी हर किसी को अपनी ओर आकर्षित करती है। इस बार जयपुर में जहां अक्षय कुमार और परेश रावल जैसे फिल्म अभिनेताओं ने पतंगबाजी का लुत्फ उठाया है। तो विदेशी सैलानी भी इससे पीछे नहीं रहे। झुंझुनूं जिले के मंडावा, नवलगढ़, डूंडलोद, अलसीसर, महनसर आदि इलाकों में आए हुए विदेशी सैलानियों ने मकर संक्रांति के मौके पर जमकर पतंग उड़ाई और अपने अंदाज में काइट फेस्टिवल मनाया। इसी क्रम में मंडावा में इटली और न्यूजीलैंड से आए विदेशी सैलानियों ने स्थानीय पतंगबाजों के साथ पतंगें उड़ाई। जिन्होंने स्थानीय पतंगबाजों के साथ वो मारा वो काटा जैसे शोर में का भी जमकर मजा लिया। विदेशी सैलानियों ने पतंगबाजी को लेकर कहा कि यह अमेजिंग और बहुत खूबसूरत भी है। इस दौरान पर्यटकों ने मकर संक्रांति पर बनने वाले स्पेशल पकवानों, खासकर गजक, तिल के लड्डू आदि का भी जायका लिया। इटली से आए दल के सदस्यों ने बताया कि वे पतंगबाजी का लुत्फ ले रहे हैं। आसमान में उड़ती रंग बिरंगी पतंगों से यहां की खूबसूरती को चार चांद लगे हैं। न्यूजीलैंड से आए पर्यटकों के दलों ने कहा कि वह पतंगबाजी का आनंद ले रहे हैं। यह उनके लिए एक अनूठा अनुभव है। आसमान में उड़ती रंग बिरंगी इठलाती पतंगे सभी को आकर्षित कर रही है और वे इसका लुत्फ ले रहे हैं।

### भापर को नई ग्राम पंचायत बनाने को लेकर ग्रामवासियों की हुई बैठक

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**सूरजगढ़।** पंचायत समिति क्षेत्र सूरजगढ़ की ग्राम पंचायत काजड़ा के राजस्व ग्राम भापर को नवीन ग्राम पंचायत बनाने की कवायद शुरू हो गई है। मकर संक्रांति के दिन भापर, कुम्हारों का बास, भोजाराम की ढाणी, नाथजी का कुआं व कालीरावणों की ढाणी को मिलाकर भापर को नवीन ग्राम पंचायत बनाने को लेकर ग्रामवासियों की बैठक हुई। आदर्श समाज समिति इंडिया के अध्यक्ष धर्मपाल गांधी ने बताया कि बैठक में मौजूद सभी लोगों ने सर्वसम्मति से भापर को नई ग्राम पंचायत बनाने का प्रस्ताव पारित किया। इस मौके पर वर्तमान पंचायत प्रतिनिधि मनजीत सिंह तंवर भी मौजूद रहे। वर्तमान सरपंच मंजू तंवर ने भी भापर को नई पंचायत बनाने में ग्राम पंचायत की ओर से सहमति प्रस्ताव पारित किया है। बैठक में भापर को नई ग्राम पंचायत बनाने को लेकर विभिन्न मुद्दों पर चर्चा हुई और अनुभवी लोगों और युवाओं को अलग-अलग जिम्मेदारी सौंपी गई। बैठक में भापर को नवीन पंचायत बनाने को लेकर प्रक्रिया शुरू की गई। हाल ही में राजस्थान सरकार ने ग्राम पंचायतों व पंचायत समितियों तथा जिला परिषदों के पुनर्गठन के निर्देश जारी किए है। पंचायती राज विभाग ने आबादी के अनुसार नवीन पंचायतों के पुनर्गठन का आदेश दिया है। इसी क्रम में बैठक में राजस्व ग्राम भापर को नवीन पंचायत बनाने का निर्णय लिया गया है। बैठक में भगवानाराम सैन, हवासिंह बुडानिया, हरिसिंह मेघवाल, राजेंद्र महला, मगनाराम ..दि मौजूद रहे।

# उत्साह व उमंग से मनाई मकर संक्रांति, जमकर उड़ाई पतंग

## दिनभर चला दान-पुण्य का दौर

## तिल से बने व्यंजनों का उठाया लुत्फ

जागरूक टाइम्स संवाददाता

**पाली।** जिलेभर में मंगलवार को मकर संक्रांति का पर्व उत्साह व उमंग के बीच मनाया गया। घरों पर तिल के व्यंजन बनाए गए। तिल के लड्डुओं के वितरण के साथ पशुओं को हरा चारा डाला गया। लोगों ने दान पुण्य किया। धर्मपरायण लोगों ने तड़के पानी में गंगाजल मिलाकर स्नान किया एवं मंदिर जाकर पूजा-अर्चना की। उधर परंपरानुसार लोगों ने जमकर पतंग उड़ाई। छतों पर डीजे से उठती सुर लहरियों के साथ पतंगों के बीच जमकर पेच लड़ाए गए। पतंग कटने पर वो काटा...का शोर सुनाई देता रहा।





*फालना। कस्बे सहित क्षेत्र में मकर संक्रांति का पर्व उत्साह से मनाया गया। पंतगों से आसमान छाया रहा एवं तिल के बने व्यंजनों का लुत्फ उठाया गया। फालना गांव में मनरेगा स्थल पर मनरेगा श्रमिकों ने सूर्य की आराधना के लिए सूर्य नमस्कार के साथ योगाभ्यास कर पर्व मनाया। सरपंच करणसिंह राजपुरोहित के अनुसार मेट सुमित्राकंवर के सान्निध्य में सूर्य आराधना की गई। इस दौरान मनरेगा श्रमिक कुंतादेवी, सीतादेवी, सुमटी, नाथूसिंह, पुष्पादेवी, कमला, विमला, शांति, दुर्गा, सीतादेवी, रेखादेवी, चुन्नीलाल, तीजोबाई मीना व सुगना देवी उपस्थित थे।*



**सुमेरपुर।** लॉयंस क्लब अंतरराष्ट्रीय के संस्थापक लॉयन मेलवीन जॉन्स के जन्मदिन के उपलक्ष्य एवं मकर सं ांति पर लायंस क्लब सुमेरपुर जवाई के तत्वावधान में भेरू चौक पर दैनिक वेतन भोगी मजदूरों, जरूरतमंदों और राहगीरों को मीठा भोजन कराया गया। विनोद पुत्र सीताराम अग्रवाल परिवार का विशेष सहयोग रहा। सर्द मौसम में सुबह के समय 7 बजे से गरम भोजन प्राप्त कर सभी जरूरतमंद बेहद प्रसन्न नजर आए। क्लब के इस मानवता से परिपूर्ण प्रयास की स्थानीय लोगों ने सराहना की। क्लब सचिव मितेश गोयल ने बताया कि कार्य म का मुख्य उद्देश्य समाज के जरूरतमंद वर्ग को मदद पहुंचाना और मकर सं ांति के उत्सव को सेवा भावना के साथ मनाना था। कार्य म में क्लब अध्यक्ष हरीश अग्रवाल, क्लब प्रशासक श्रवण राठी, चार्टर्ड अध्यक्ष बाबूलाल अग्रवाल, संभागीय अध्यक्ष एमजेएफ दीपक गोयल, एमजेएफ सुरेश सिंघल, कोषाध्यक्ष जोधराज देवड़ा, दिनेश अग्रवाल, अर्जुन अग्रवाल, पंकेश अग्रवाल, मधुसूदन गुप्ता, जगदीशप्रसाद अग्रवाल, महेंद्र जैन, शैलेश गोयल, निर्मला गोयल सहित अन्य सदस्यों ने स ि य सहभागिता निभाई। अंकित अग्रवाल, अरविंद अग्रवाल, सौरभ अग्रवाल, रोहित अग्रवाल ने सेवाएं प्रदान की। इसी तरह मकर संक्रांति पर मंगलवार को बांकली गांव के समीप स्थित कबीर गोशाला के काम्बेश्वर महादेव सभा भवन में भजन उपदेशक प केशव देव शर्मा के सान्निध्य में हवन कार्य म हुआ। कबीर गोशाला सेवा समिति के अध्यक्ष कालूराम भाटी ने बताया कि गोशाला में गोमाता के लिए 35 किलो सेली भामाशाह गमनीबाई द्वारा खिलाई गई। कार्यकारिणी सदस्य गणेशराम राठौड़ ने बताया कि भामाशाह फैंसीदेवी देवीचंद हिराणी रेवतड़ा द्वारा 35 किलो सेली खिलाई गई। उपाध्यक्ष नैनमल सोनी की प्रेरणा से कमलादेवी सोनी बांकली वालों द्वारा एक क्विंटल दलिया की लापसी गायों को खिलाई गई। इस अवसर पर सचिव जयंतीलाल माली, कोषाध्यक्ष पारसमल कोठारी, सह कोषाध्यक्ष गिरीश शर्मा, नवभारत ट्रस्ट अध्यक्ष पंकजराज मेवाड़ा, पुखराज मालवीय, गणेश राठौड़, जोधराज देवड़ा, पुखराज कुमावत, शांतिलाल, सूरजमल विश्वकर्मा, नैनूबाई, सम्पतराज मेवाड़ा मौजूद थे।

**खिंवाड़ा।** कस्बे सहित समूचे अरावल क्षेत्र में मंगलवार को मकर सं ांति का पावन पर्व पूर्ण श्रद्धा भक्ति के साथ मनाया गया। घरों में तिल से बने लड्डू आदि का भगवान को भोग लगाया गया। दान पुण्य भी किया गया। हर वर्ग के लोगों ने पतंगबाजी का जमकर लुत्फ उठाया।

**सांडेराव।** कस्बे सहित क्षेत्र में मकर सं ांति का पर्व उत्साह से मनाया गया। ग्रामीण क्षेत्रों में ज्यादातर महिलाओं ने आस-पास के सरोवर व तालाब में स्नान कर सूर्य भगवान को जल अर्पित करने के साथ पूजा अर्चना कर आराधना की। परिवारजनों के लिए खुशहाली की कामना की। पशु-पक्षियों को घास व चुग्गा आदि डाला गया। लोगों ने पतंग उड़ाने व तिल के व्यंजनों का लुत्फ उठाया। सनराइज पब्लिक माध्यमिक विद्यालय के संस्था प्रधान हरीश परिहार ने मकर स ंांति से जुड़ी कथा की जानकारी दी। व्यवस्थापक घेवरचंद चौहान के नेतृत्व में बच्चों ने मां सरस्वती की पूजा-अर्चना की। चार्ट पेपर से बच्चों को पतंग बनाना सिखाया गया। बच्चों ने गीत की प्रस्तुति दी। बच्चों को तिल के लड्डू वितरित किए गए।



# छाया रहा घना कोहरा

जागरूक टाइम्स संवाददाता

**सांडेराव।** क्षेत्र में मंगलवार को लगातार चौथे दिन घना कोहरा छाया रहा। बर्फीली हवाओं के साथ व्याप्त सर्दी के चलते लोग घरों में दुबके रहने को मजबूर रहे। नेशनल हाइवे पर वाहन चालकों को धुंध व कोहरे की वजह से दिन भी हेडलाइट ऑन कर सफर तय करना पड़ा। न्यूनतम तापमान करीब 7 डिग्री व अधिकतम तापमान 21 डिग्री दर्ज किया गया। कोहरे के कारण विजिबिलिटी 50 मीटर से कम रही। घने कोहरे से विजिबिलिटी मात्र 10 मीटर तक रह गई। पिछले चार दिनो से घना कोहरा छाया हुआ है। कस्बे में सुबह सात बजे स्थिति यह थी कि सड़कों पर 30-40 मीटर की दूरी पर कुछ भी दिखाई नहीं दे रहा था। ऐसे में वाहन चालकों को गाड़ियों की हेडलाइट जलाकर रखनी पड़ी। लोग ऊनी लबादों में लिपटे नजर आए। चाय की थड़ियों पर लोग चाय की चुस्कियां लेते व अलाप तापते नजर आए।

## नाकाबंदी में वाहन से मिले 19 लाख रुपए

जागरूक टाइम्स संवाददाता

**देसूरी।** थानाधिकारी हरीसिंह राजपुरोहित के नेतृत्व में हरीओम आश्रम के समीप नाकाबंदी के दौरान जीप की तलाशी में 19 लाख रुपए जब्त किए गए।

थानाधिकारी के अनुसार देसूरी की ओर से चारभुजा की ओर जा रही महिंद्रा थार को रुकवाकर तलाशी ली गई। इस दौरान 19 लाख रुपए नगद मिलने पर जोधपुर जिले के लूणी क्षेत्र के बड़लिया निवासी चालक विकास पुत्र बोहराराम व लूणी थानान्तर्गत फींच गांव निवासी बगडूराम पुत्र हापूराम से पूछताछ की गई। लेकिन संतोषजनक जवाब नहीं देने पर 19 लाख रुपए नगद व थार वाहन को जब्त कर दोनों को दस्तियाब किया गया। पुलिस टीम में थानाधिकारी के साथ हेड कांस्टेबल मेघाराम चौधरी, कांस्टेबल राकेशकुमार, हेमेंद्रसिंह, रामचन्द्र वर्मा, रणजीत, बंशीलाल, हंसराज, रामफूल मीणा, भवानीसिंह, रामेश्वरी व चालक श्रवणकुमार साथ थे।

# सप्ताहभर से रोड लाइट गुल, लोग परेशान

**गांव में पेंथर के आवागमन से भी बढ़ा भय**

जागरूक टाइम्स संवाददाता

**नाडोल।** भारमल नदी, मेघवालों के बडला वाले मोहल्ले में कई दिनों से रोड लाइट बंद होने से आमजन परेशान है। लोगों को घर की लाइट जला कर गली में उजाला करना पड़ रहा है। लेकिन, अधिकतर गली में अंधेरा पसरा रहने से लोगों को परेशानी उठानी पड़ रही है। ज्ञातव्य है कि नाडोल चितरा मगरी माइंस में ब्लास्ट के कारण पेंथर जंगल छोड़ गांव में घुसने लगे है। सात जनवरी को पुलिए के पास से पेंथर कुत्तों का शिकार कर ले गया। कुछ दिनों से पेंथर की आवाजाही बढ़ने से खेतों में जाने वाले किसानों में भय बना हुआ है। हीरालाल सरगरा के अनुसार बीते दिनों बाइक पर दूध लेकर आने के दौरान गांव में पेंथर नजर आया जो दौड़ कर चला गया। अगर ऐसी हालत में रोड लाइट बंद हो तो ग्रामीण हादसे का शिकार हो जाए तो कोई अतिश्योक्ति नहीं होगी।



# नीपल ने गुड़ा अखेराज को हराकर जीता खिताब

जागरूक टाइम्स संवाददाता

**खिंवाड़ा/नाडोल।** शीतला माता क्रिकेट क्लब नीपल के तत्वावधान में गांव के राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय के खेल मैदान में आयोजित चार दिवसीय शीतला माता ग्रामीण ि केट प्रतियोगिता का मंगलवार को समापन हुआ। प्रतियोगिता संयोजक मांगीलाल सीरवी ने बताया कि प्रतियोगिता का फाइनल मैच नीपल व गुडा अखेराज के बीच खेला गया। जिसमें नीपल की टीम ने 112 रन का लक्ष्य गुडा अखेराज की टीम को दिया। जिसमें गुडा अखेराज की टीम 58 रन ही बना पाई। विजेता व उप विजेता टीम को शिव सती मंदिर नीपल के बाल उपासक भोलाराम सीरवी ने ट्राफी व पारितोषिक से नवाजा। इस प्रतियोगिता में 16 टीमों ने भाग लिया। इस अवसर पर सरपंच शंकरलाल मीणा, कानाराम सीरवी, रतन परमार, मनोज प्रजापत, सुनील भारती, जितेन्द्रसिंह चारण, गणेश सुथार, अशोक वैष्णव, ओमप्रकाश जणवा सहित कई जने उपस्थित थे।



# खंगारोत बने नागरिक सेवा समिति के सह प्रवक्ता

जागरूक टाइम्स संवाददाता

**फालना।** वरिष्ठ नागरिक सेवा समिति फालना खुडाला की बैठक मांगीलाल वैष्णव की अध्यक्षता एवं अध्यक्ष गोपालसिंह चौहान के सानिध्य में कार्यालय सागर प्याऊ में आयोजित की गई। बैठक में सुखसिंह खंगारोत को समिति का सह-प्रवक्ता मनोनीत कर माल्यार्पण कर स्वागत किया गया। सामूहिक तीर्थ यात्रा कार्य म को लेकर 29 जनवरी को सूरजकुंड मेवाड़ के दर्शनार्थ जाने का निर्णय किया गया। महाकुंभ प्रयागराज में जाने के वरिष्ठ नागरिक बंधुओं ने अपने नाम दिए एवं दिनांक तय कर जाने का निर्णय लिया जाएगा। भामाशाहों के योगदान से कार्यालय मरम्मत का प्रस्ताव पारित किया गया। प्रत्येक माह के अंतिम रविवार को सांय 4 बजे सागर प्याऊ कार्यालय में बैठक रखने का प्रस्ताव भी पारित किया गया। बैठक में अल्पाहार व्यवस्था चंपालाल भाटी की ओर से की गई। इस अवसर पर कैलाश बी जोशी, जसवंतसिंह देवड़ा, मानसिंह देवड़ा, मांगीलाल वैष्णव, नैनसिंह पंवार, शरद देव व अन्य गणमान्य वरिष्ठ नागरिक उपस्थित रहे।



# सरपट भागते वहनों से हादसों का अंदेशा, स्पीड ब्रेकर की दरकार

**पालिका प्रशासन नहीं दे रहा ध्यान**



जागरूक टाइम्स संवाददाता

**सादड़ी।** कस्बे के मुख्य सडक मार्ग, बस स्टैंड रोड, पंचमुखी चौराहे पर स्पीड ब्रेकर के अभाव में सरपट भागते वाहनों से हादसे का अंदेशा बना हुआ है।

पांच रास्ते अलग अलग जाने वाले मुख्य सर्किल पर वाहनों की गति धीमी करने के कोई प्रबंध पालिका प्रशासन की ओर से नहीं किए गए है। ऐसे में पांचों रास्तों से एक साथ तेज गति से वाहन गुजरते रहते है। मुख्य मार्ग पर बने हुए मोड़ से तीव्र गति से वाहनों का निकलना किसी समय बड़े हादसे को न्योता दे रहा है। नगर पालिका प्रशासन की ओर ओर से एक बार स्पीड ब्रेकर हटाने के बाद वापस उस ओर ध्यान देना उचित नहीं समझा गया। पालिका की इस अनदेखी के चलते किसी दिन बड़ा हादसा हो गया तो अतिश्योक्ति नहीं होगी। हॉस्पिटल, स्कूल, पब्लिक पार्क, लाइब्रेरी जैसे प्रमुख स्थान इसी मुख्य मार्ग पर स्थित है। दिनभर लोगों की इस मार्ग पर आवाजाही लगी रहती है। दिनभर बच्चों सहित विद्यार्थियों व मरीजों एवं उनके परिजनों का आवागमन भी बना रहता है। कई बर इस सर्किल पर तीव्र गति से वाहनों के आने से बड़े हादसे होते होते बचे है व कई हादसे हुए भी है। राहगीरों में सर्किल से गुजरने के दौरान हादसे का डर बना रहता है। लोगों का कहना है कि स्पीड ब्रेकर बने तो वाहनों की रफ्तार नियंत्रित हो सकेगी। पालिका प्रशासन से पहले भी प्रमुख मार्गों पर स्पीड ब्रेकर लगाने की गुहार लगाई गई है लेकिन समस्या जस की तस ही है।

### हादसे के बाद भी नहीं चेता प्रशासन

*पूर्व में अम्बेडकर सर्किल के सामने स्पीड ब्रेकर के अभाव में हादसा होने के बावजूद प्रशासन नींद से नहीं जागा। ऐसे में कस्बे में भवानी चौक, तालाब स्कूल, आखरिया से बस स्टैंड वाला मुख्य मार्ग, पंचमुखी चौराया सहित कई मार्गो पर दुर्घटनाओं की संभावना को देखते हुए समय रहते स्पीड ब्रेकर की आवश्यकता है। लोगों ने पालिका प्रशासन से इस ओर ध्यान दिए जाने की आवश्कता दोहराई है।*

# विद्यावाड़ी की छात्राओं ने किया गौशाला का भ्रमण

जागरूक टाइम्स संवाददाता

**नाडोल।** निकटवर्ती मरुधर बालिका शिक्षक संघ विद्यावाड़ी की छात्राओं ने मंगलवार को पार्श्वगौशाला सेवा समिति बीजोवा का भ्रमण किया एवं गायों को हरा चारा व गुड़ खिलाया। विद्यावाडी की मुख्य आवासीय अधिकारी अलका चौधरी ने बताया कि छात्राओं को सामाजिक व सांस्कृतिक पर्व मकर सं ांति की विभिन्न परंपराओं, दान -पुण्य की संस्कृति, गायों और नंदी का रख-रखाव, खानपान, विभिन्न किस्म की पहचान के बारे में अवगत करवाने यह भ्रमण आयोजन रखा गया। गौशाला के प्रबंधक लेखराज देवासी एवं सह प्रबंधक कमलेश रायसोनी ने गौशाला की विस्तृत जानकारी दी। नए अध्यक्ष ताराचंद दोषी एवं निवर्तमान अध्यक्ष भंवरलाल पूनमिया के कार्यकाल में हुए विविध निर्माण कार्यों के बारे में बताया। उन्होंने गायों के निवास स्थान, रख रखाव, उनके विभिन्न किस्म के चारों, गुड़, खल, कपासिया, पशु आहार, मिनरल, मिक्सर, बच्चों के रख-रखाव, सर्दी में विशेष देखभाल, हरा चारा आदि की विस्तृत जानकारी दी। तिल के बने व्यंजनों का प्रसाद भी दिया। इस अवसर पर मुख्य समन्वयक लीला चौधरी, विमलेश, खुशबू, बिन्दु सहित स्टाफ व करीब 70 छात्राएं लाभान्वित हुईं।



## समाजसेवी पवार ने की गृहमंत्री से मुलाकात

जागरूक टाइम्स संवाददाता

**फालना।** कस्बे के निवासी समाजसेवी व भाजपा कार्यकर्ता कुणाल पवार ने मकर सं ांति पर अहमदाबाद में केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह से मुलाकात कर उन्हें मोमेंटों देकर उनका अभिनंदन किया। पवार ने इस दौरान शाह को फालना की मूलभूत सेवा हॉस्पिटल, रोडवेज बस डीपो, रेलवे स्टेशन व शिक्षा से संबंधी जानकारी दी एवं सुधार में सहयोग का आग्रह किया। औपचारिक मुलाकात के दौरान अहमदाबाद के दरियापुर विधायक कौशिक जैन, भाजपा के शाहपुर प्रमुख व कार्यकर्ता मदन राठौड़ भी उपस्थित रहे।



# मुस्लिम युवा फाउंडेशन समिति का मनाया स्थापना दिवस

**मदरसे के बच्चों को फातिहा लगाकर बांटी गई मिठाइयां**

जागरूक टाइम्स संवाददाता

**पाली।** शहर में मुस्लिम युवा फाउंडेशन समिति का चौथा स्थापना दिवस मंगलवार को फाउंडेशन के कार्यालय सहित विभिन्न जगहों पर उत्साह से मनाया गया। फाउंडेशन कार्यकर्ताओं ने एक दूसरे को बताई दी। अध्यक्ष मेहराज अली चुडीगर ने कहा कि शिक्षा के क्षेत्र में हमें और अधिक गति से करने की जरूरत है। शिक्षा के क्षेत्र को बढ़ावा देना बेहद आवश्यक है। फाउंडेशन के कार्यालय प्रभारी फैजान आरटीआइ ने बताया कि फाउंडेशन ने 4 साल में बहुत सारे काम किए है। शिक्षा के क्षेत्र में, चिकित्सा के क्षेत्र में व खिदमत और भाईचारे का पैगाम का काम किया है। इस मौके पर मुस्लिम समाज के रजाक चढ़वा, फाउंडेशन के सरपरस्त एमके पठान, जहीर मकरानी, इंसाफ सोलंकी, मुकद्दरअली, फकीर मोहम्मद चढ़वा, अयूबभाई सुलेमानी, बाबूभाई, एमआइएम के जिलाध्यक्ष आसिफ खान सिलावट, खालिद कादरी, एडवोकेट तारिक अनवर, आरिफ खान, लियाकत गौरी, अंसार भाटी, मोहसिन खान, फिरोज समरिया, यासीन सबावत, इस्माइल गोरी, हुसैन अजमेरी सहित कई कार्यकर्ता मौजूद रहे। बच्चों में फातिहा लगाकर मिठाई वितरित की गई। हजरत अली मुर्तजा की विलादत का दिन भी मनाया गया।

# बैंकिंग के प्रति किया जागरुक

जागरूक टाइम्स संवाददाता

**मुंडारा।** वित्तीय साक्षरता केंद्र बाली के निर्देशानुसार गांव कांगड़ी में फील्ड को-ऑर्डिनेटर जितेंद्र गहलोत की ओर से आयोजित कार्यक्रम में लोगों कां इलेक्ट्रॉनिक बैंकिंग कार्य के प्रति जागरूक किया उन्होंने साइबर धोखाधड़ी से बचने के बारे बताते हुए आरबीआइ हेल्पलाइन नंबर 14440 व साइबर ' इम हेल्पलाइन नंबर 1930 से अवगत करवाया। लोगों से सावधान एवं सतर्क रहने के निर्देश दिए।





# राह भटके युवाओं को सही मार्ग पर लाने का माध्यम है भागवत: सागर





**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**सिरोही।** शहर के प्रथमेश गार्डन में चल रही श्रीमद भागवत कथा के छठे दिन मुख्य यजमान महेंद्रपालसिंह, नरेंद्रपालसिंह एवं विजयपालसिंह समेत अन्यों ने सर्व कल्याण के लिए विष्णु सहस्त्र नाम, गणेश एवं महालक्ष्मी यज्ञ में आहुतियां दी गई। कथा वाचक संतोष सागर ने गोपी कथा एवं रास लीला की व्याख्या की। उन्होंने कहा कि भटके को जो राह दिखादे वही राधे है। कंस के बारे में बताया की पिछले 11 वर्ष से कंस भय में जी रहा था। कंस ने रंगशाला का आयोजन कर कृष्ण एवं बलराम को अकरूर के माध्यम से बुलावा दिया। कृष्ण और गौ प्रेम एवं गोभक्ति की व्याख्या करते हुए संत ने कहा कि जिस घर में गाय की सेवा होती है वहां 33 कोटी देवता निवास करते हैं। मथुरा में कृष्ण द्वारा कुबजा का कल्याण कर लक्ष्मी का रूप प्रदान किया । कंस के दरबार में जाकर दुष्टों का नाश किया, कंस का वध किया, माता देवकी के दर्शन किए 11 वर्ष 02 महीने में कृष्ण मथुरा नरेश हो गए। मथुरा की गद्दी नाना को सौंप कर ऋषि संदीपनी आश्रम में अध्ययन के लिए गए। उन्होंने कहा कि कृष्ण के आग्रह पर उद्धव जी को वृंदावन गोपियों का हाल जानने भेजा एवं उद्धव एवं गोपियों के संवाद की व्याख्या विस्तार से बताई। भक्ति और ज्ञान के माध्यम से भगवद प्राप्ति का माध्यम है। उन्होंने रुक्मणि विवाह के साथ 16108 पटरानियों की कथा सुनाई। इस दौरान दर्जनों लोग उपस्थिति थे।

## जय आबूराज सेवा संस्थान ने जिला कारागार में वितरित किए 250 जैकेट



**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**सिरोही।** जय आबूराज सेवा संस्थान की ओर से मकर संक्रांति को लेकर सर्दी से बचाव के लिए जिला कारागार के 250 बंदियों के लिए जैकेट वितरित किए। इसके अलावा तिल के लड्डू एवं अन्य मिष्ठान वितरित किए। संस्थान के संरक्षक मोहनलाल माली, राजेन्द्रसिंह, मुकेश माली, अनाज किराणा व्यापार अध्यक्ष खेताराम माली, अर्जुन माली, शांतिलाल माली, रमेश माली, धर्माराम माली, श्रीमती अंजू चौहान एवं कमला माली शामिल थे। इसके अलावा जिला कारागार के जेलर विक्रमसिंह, आरएसी जाब्ता प्रभारी नारायणसिंह आदि भी मौजूद थे।

## पशु कल्याण पखवाड़े के तहत होंगे कई कार्यक्रम

**सिरोही।** हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी प्रदेश में 14 से 30 जनवरी तक पशु कल्याण पखवाड़ा मनाया जा रहा है। पशुपालन मंत्री जोराराम कुमावत ने बताया कि इस पखवाड़े के दौरान विभागीय अधिकारी एवं कर्मचारी अपने कार्यों के साथ-साथ जीव जन्तुओं के प्रति प्रेम व दया भाव जाग्रत करने की दृष्टि से विभिन्न गतिविधियों का संचालन कर आमजन को जागरूक करने का प्रयास करेंगे। पशुपालन मंत्री ने बताया कि इस अवसर पर पशुपालक गोष्ठी का आयोजन किया जाएगा। जिसमें पशुओं में होने वाली बीमार, पशु क्रूरता, उचित पशु प्रबधन समेत कई विष्यों पर चर्चा की जाएगी।

## प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव 17 से

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**आबूरोड।** गांधीनगर में इच्छापूर्ण बालाजी एवं गुरु गोरखनाथ महादेव मंदिर का तीन दिवसीय प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव 17 जनवरी से शुरू होगा। तीन दिन तक विभिन्न धार्मिक अनुष्ठान होंगे। साथ ही महाप्रसादी का आयोजन होगा। व्यवस्थापक मनदीपसिंह व पवन प्रकाश गोयल के अनुसार तीन दिवसीय महोत्सव 17 जनवरी से शुरू होगा। सुबह देहा शुद्धि प्रायश्चित कर्म व गणेश स्थापना पंचांग कर्म, यज्ञ मंडप प्रवेश, मंडप पूजन, अग्नि स्थापन, कर्म कुटीर होम, देवता सांय पूजा आरती होगी। वही 18 जनवरी को सुबह मंडप के स्थापित देवता का पूजन-अर्चन होगा। प्रतिमाओं की शोभायात्रा निकाली जाएगी। वास्तु पूजन किया जाएगा। इसके बाद प्रतिमाओं का महाअभिषेक, धान्यधिवास, गुडाधिवास, जलाधिवास, धृतादिवास, मूर्तियों की हल्दी रस्म, प्रतिमाओं का शैयाधिवास, पूजा आरती की जाएगी। वहीं 19 जनवरी को मंडप के देवताओं का प्रातः पूजन, प्रतिमाओं का जागृत अवस्था और उनका मधुपर्क प्रयोग, मंदिर के दस दिशाओं का दिक्षु हवन होगा। दोपहर को महाप्रसादी का आयोजन होगा। इसके बाद शाम को सुंदरकांड, महाआरती व भजन संध्या होगी। धार्मिक अनुष्ठान गुजरात के सिद्धपुर के कर्मकांड ज्योतिष विशारद डॉ. बृजेश कुमार भटट के सानिध्य में संपादित किए जाएंगे।

## नवनियुक्त पदाधिकरियों का स्वागत

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**आबूरोड।** क्षेत्रीय सभा के नवनियुक्त अध्यक्ष गंगाराम गोयल, उपाध्यक्ष प्रवीण अग्रवाल, महामंत्री नरेश अग्रवाल, कोषाध्यक्ष पवन अग्रवाल, क्षेत्रीय सभा के पूर्व अध्यक्ष डॉ. एमपी बंसल, सुमेरपुर समाज अध्यक्ष प्रकाश अग्रवाल आदि का विष्णु धर्मशाला में स्वागत किया गया। मंच संचालन नरेंद्र अग्रवाल ने किया। समाज के अध्यक्ष नेमीचंद अग्रवाल, मुरारीलाल अग्रवाल, शंभूलाल अग्रवाल, प्रदीप मित्तल आदि मौजूद थे।



## शिवगंज पंचायत समिति में आवास प्लस का सर्वे कार्य शुरू

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**शिवगंज।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी सरकार द्वारा संचालित आवास प्लस योजना का ग्रामीण क्षेत्रों व गांव ढाणी मजरों में निवास करने वाले आशियाना से वंचित लोगों को आवास उपलब्ध कराने के लिए शिवगंज पंचायत समिति के अधिनस्थ ग्राम पंचायतों में सर्वे कार्य शुरू हो गया है। पंचायत समिति के विकास अधिकारी मुलेन्द्रसिंह राठौड़ ने बताया कि आवास प्लस योजना में पात्र परिवारों को जोड़ने की अंतिम तिथि 24 जनवरी है और नाम जोड़ने के लिए पंचायत मुख्यालय पर ग्राम विकास अधिकारी से सम्पर्क कर सकते हैं। उन्होंने बताया कि पात्र परिवार स्वयं भी अपने मोबाइल में आवास प्लस एप से सर्वे कर सकता हैं। विकास अधिकारी राठौड़ ने सभी लोगों से अपील कि है की अधिक से अधिक पात्र परिवारों को जोड़कर सरकारी योजना का लाभ पहुचाना है।

# नेपाल से साइकिल पर भारत पहुंचे निषेध का किया स्वागत

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**सुमेरपुर।** नवभारत सेवा चेरिटेबल ट्रस्ट द्वारा मंगलवार को पशुपतिनाथ नेपाल से भारत यात्रा पर आए साइकिल सवार का स्वागत एवं अभिनंदन किया गया। ट्रस्ट सरंक्षक झुमरलाल गर्ग ने बताया कि ट्रस्ट के संस्थापक व अध्यक्ष पंकजराज मेवाड़ा के नेतृत्व में सदस्यों द्वारा भारत यात्रा पर आए साइकिल सवार का साफा व अपर्णा पहनाकर स्वागत किया गया एवं उनके आगे की यात्रा के लिए शुभ कामना देकर विदा किया। साइकिल सवार निषेध दहाल ने बताया कि नवंबर माह में नेपाल काठमांडू के पशुपतिनाथ मंदिर से भारत की यात्रा साइकिल से शुरू की थी। सुमेरपुर पहुंचकर आगे महाराष्ट्र, कर्नाटका, केरला, तमिलनाडु, आंध्रप्रदेश, तेलंगाना, उड़ीसा, वेस्ट बंगाल, दार्जिलिंग, सिक्किम होते हुए वापस काठमांडू पशुपतिनाथ पहुंच यात्रा को विराम देंगे। ट्रस्ट संस्थापक व अध्यक्ष मेवाड़ा ने बताया कि साइकिल सवार निषेध दहाल नेपाल से पर्यावरण संरक्षण में जागरूकता लाने को लेकर यात्रा पर भारत भ्रमण पर निकले हैं। इस मौके पर डॉ. कमलेशकुमार, गजेश गर्ग, भरतकुमार, दिलीपसिंह, महीपालसिंह, मोहम्मद खालिद, नितेशकुमार, पदमकुमार, वीरु परिहार, ललितकुमार, ललित मेघवाल, सिद्धांत आदि मौजूद थे।



# बालक में घर से ही होता है संस्कारों का बीजारोपण : राजपुरोहित

*-एवीएम में अभिभावक सम्मेलन*

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**फालना।** विद्या भारती आदर्श विद्या मंदिर माध्यमिक खुडाला फालना में अभिभावक सम्मेलन का आयोजन किया गया। कार्य' म का शुभारंभ मां सरस्वती, ओम व भारत माता के समक्ष मुख्यवक्ता नारायणसिंह राजपुरोहित प्रचार प्रमुख स्थानीय प्रबंध समिति एवं सुरेशकुमार मालवीय जिला सचिव आदर्श शिक्षा संस्थान बाली द्वारा किया गया। मुख्यवक्ता राजपुरोहित ने कहा कि भारतीय संस्कृति में परिवार व्यवस्था श्रेष्ठ रही है। उसी के आंचल में बालक का सर्वांगीण विकास होता है। बालक में संस्कारों का बीजारोपण घर से ही होता है। घर में बड़ों की भाषा, वेशभूषा, उनका परिवार के साथ व्यवहार आदि का अधिक प्रभाव पड़ता है व उसी से बालक सीखता है। घर में आपस में मातृ भाषा का प्रयोग करें, महापुरुषों का गौरव सुनाएं, प्रेरक प्रसंग सुनाएं, अच्छा भोजन परिवार के साथ करें। आयोजन के दौरान साथ ही राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020की चर्चा की गई। मोबाइल के दुष्परिणामों से अवगत करवाया गया। मालवीय ने कहा कि विद्यालय परिवार में विद्यार्थी, अभिभावक, समिति, आचार्य बंधु भगिनी व पूर्व छात्र शामिल है। बालक के विकास हेतु विद्यालय में समय पर शरीक हो और उसकी शैक्षिक प्रगति की जानकारी आचार्य प्रधानाचार्य से करें। विद्यालय में अपेक्षित सुझाव भी दें। प्रधानाचार्य मनोहर रावल ने अतिथियों का परिचय करवाया और कार्य' म की भूमिका रखी। इस अवसर पर ललिता रावल, ममता गोस्वामी, भावना देवासी, मंजू सुथार, अमीषा मीणा, सुंदर कुमारी, मनीषा, रमेशकुमार, गणपतकुमार, हितेशकुमार, हुकमसिंह, पोमाराम, किरणसिंह, सुरेशकुमार, प्रकाशकुमार, अनीषाकुमारी, मंजू प्रजापत भी मौजूद थे। मंच संचालन किरणसिंह ने एवं आभार प्रधानाचार्य मनोहर रावल ने किया।

## खेतलाजी के परम उपासक ओसवाल के पिता का निधन, अर्पित की श्रद्धांजलि

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**देसूरी।** सोनाणा खेतलाजी जूनिधाम के उपासक एवं सादड़ी हाल पूना निवासी रमेशकुमार ओसवाल के पिता बाबूलाल वालचंद ओसवाल (पालरेचा) का 78 वर्ष की आयु में निधन हो गया। उनके निधन पर सोनाणा खेतलाजी ट्रस्ट कमेटी अध्यक्ष प्रकाश वनगोस्वामी, कोषाध्यक्ष अशोकसिंह राजपुरोहित, सचिव संदीपसिंह चारण, मोतीसिंह राजपुरोहित, व्यवस्थापक दिलीपकुमार, पूर्व अध्यक्ष खरताराम चौधरी, अन्नाराम मेघवाल, खीमाराम मेघवाल, भाजपा मंडल उपाध्यक्ष जगदीशसिंह गहलोत, एडवोकेट भूपेंद्रसिंह राजपुरोहित, अभिषेकसिंह राजपुरोहित, प्रेमसिंह राजपुरोहित, भैरुसिंह राजपुरोहित, रिड़मलसिंह चारण, एडवोकेट राजेंद्रसिंह गहलोत, कर्णसिंह मेड़तिया चाणोद, प्यारेलाल चंडालिया नारलाई, योगगुरु मांगूनाथ, फुलवन गोस्वामी, सुभाष जैन बिजोवा, नरेश माली नारलाई, फुसाराम देवासी, हरीसिंह राजपुरोहित, माधूसिंह राजपुरोहित सहित कई प्रबुद्धजनों ने उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की।

## जैकारों के बीच मनाया मंदिर वार्षिकोत्सव

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**सुमेरपुर।** पुराडा गांव में मंगलवार को महाकालेश्वर एवं रामसापीर मंदिर की वर्षगांठ पर विधि विधान पूर्वक कार्य' म सम्पन्न हुआ। भाजपा सुमेरपुर मंडल अध्यक्ष रविकांत रावल एवं बांकली मंडल अध्यक्ष हनुमंतसिंह राजपुरोहित का साफा व माला पहनाकर स्वागत किया गया। गांव के वरिष्ठ मोहब्बतसिंह और चतुर्भुजसिंह ने बताया कि भाजपा ने इस बार युवाओं को मौका दिया है और हम सब इन युवाओं का मनोबल बढ़ाकर इनके नेतृत्व में कंधे से कंधा मिलाकर भारतीय जनता पार्टी को मजबूत एवं सशक्त बनाएंगे। राजपुरोहित को बांकली मंडल अध्यक्ष बनाने पर प्रदेश नेतृत्व एवं मंत्री जोराराम कुमावत का आभार प्रकट किया। इस मौके पर वेनसिंह, उपसरपंच रमेशसिंह, भवानीसिंह, जीवराजसिंह, बसंतसिंह, एडवोकेट अशोककुमार, डूंगरसिंह, युवा नेता मुकेश सिंह, सुमेरसिंह, भीमसिंह, सुरेश राजपुरोहित, भरत राजपुरोहित, जालमसिंह, रतनसिंह, छोगसिंह, सुमेरपुर युवा मोर्चा अध्यक्ष गौरव राजपुरोहित सहित अन्य ग्रामीण उपस्थित रहे।



## जिला स्तरीय जनसुनवाई कल

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**पाली।** जिला स्तरीय जनसुनवाई गुरूवार को वीसी के माध्यम से डीओआइटी कलेक्ट्रेट परिसर में आयोजित की जाएगी। सहायक निदेशक लोक सेवा ने बताया कि जन भावना के अनुरूप पारदर्शी एवं संवेदनशील वातावरण में आमजन की परिवेदनाओं व समस्याओं की सुनवाई एवं त्वरित समाधान के लिए प्रतिमाह त्रिस्तरीय जनसुनवाई के तहत यह जन सुनवाई की जाएगी।

## बेसहारा पशु पकड़ने को नई ट्रोली का उदघाटन

**रानी।** नगर पालिका की ओर से निराश्रित और बेसहारा पशुओं को पकड़ने के लिए पालिका उपाध्यक्ष डालचंद चौहान की ओर से नए ट्रेले का उदघाटन किया गया। अधिशाषी अधिकारी सुदर्शन जांगू ने कहा कि इस नए ट्रेले से निराश्रित और बेसहारा पशुओं को पकड़ने में आसानी होगी। यह ट्रेला विशेष रूप से निराश्रित और बेसहारा पशुओं को पकड़ने के लिए नगर पालिका द्वारा ' य किया गया है। इस मौके पर पार्षद नर्मदाकंवर, रेखा माली, कपूराराम प्रजापत, पदमसिंह, सुनील बैरवा, मीठालाल बंजारा, मनीष मेहता, भाजपा मंडल अध्यक्ष जयंतीलाल वैष्णव, पालिकाकर्मी कनिष्ठ अभियंता कृष्णमुरारी शर्मा, गोपालसिंह, जितेंद्रकुमार, बाबूलाल कुमावत, धनाराम चौधरी, किशनलाल, रतनलाल, धीरेन्द्रसिंह, कृपाराम, रमेश सेन, तेजाराम, कांतिलाल सहित कर्मचारी मौजूद थे।



## शिक्षक संघ राष्ट्रीय ने मनाया कर्त्तव्य बोध पखवाड़ा

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**बाली।** शिक्षक संघ राष्ट्रीय ने घीसू महाराज के सान्निध्य में आश्रम में कर्तव्य बोध पखवाड़ा मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ स्वामी विवेकानंद, भारत माता, सरस्वती मां की तस्वीर के समक्ष दीप प्रज्वलित, माल्यार्पण कर किया गया। भजनों के साथ संत ने अपने उदबोधन में धर्म के प्रति निष्ठा, मानव मात्र के सेवा के बारे में प्रवचन दिए। अध्यक्ष मूलचंद गर्ग ने कर्तव्य बोध पखवाड़े एवं संगठन की कार्य पद्धति के बारे में जानकारी प्रदान की। जिला सहसंगठन मंत्री सुरेंद्रसिंह राणावत व जीवाराम सरेल ने वर्षभर के कार्य' मों की जानकारी दी। उप शाखा मंत्री कृष्णपाल सिंह जोधा ने कहा कि कर्तव्य बोध पखवाड़ा मकर सं ांति एवं विवेकानंद जयंती के साथ सही मायने में सच्ची सार्थकता है। संगठन के प्रदेश अधिवेशन सांवरिया सेठ में जाने के लिए सभी सदस्यों ने अपनी सहमति दी। इस धूणी आश्रम में सभी के सहयोग से गोवंश व पक्षियों के लिए चारे व दाने का वितरण किया गया। अतिथियों का स्वागत किया गया। कार्य' म में सभा अध्यक्ष वि' मसिंह, उदयसिंह राठौड़, कोषाध्यक्ष छगनलाल लोंगोचा, जब्बरसिंह आढा, महेंद्र सरेल, चुन्नीलाल परिहार, जीवाराम सरेल, रेखा परिहार, सरिता परिहार, ताराकंवर भी मौजूद रहे।

# अंतरिक्ष मेले में दिखा उत्साह, टेलिस्कोप से चांद को देखा करीब से

**डायलाना कला में क्वालिटी सपोर्ट प्रोग्राम के तहत अंतरिक्ष मेला आयोजित**



**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**देसूरी।** डायलाना कला में क्वालिटी सपोर्ट प्रोग्राम के तहत आयोजित अंतरिक्ष मेले में हर किसी में उत्साह नजर आया। बच्चों ने टेलिस्कोप के माध्यम से चांद की सतह, उसके गड्ढ़े करीब से देखने के साथ उसकी रोशनी को नजदीक से महसूस किया। साथ ही प्रोजेक्टर पर अंतरिक्ष की अनगिनत जानकारियां प्राप्त कीं। यह कार्य' म बच्चों में खगोलीय विज्ञान के प्रति रुचि जगाने के उद्देश्य से आयोजित किया गया था। कार्य' म मुख्य अतिथि संदीप सारडा रीजनल हेड भारती एयरटेल फाउंडेशन और सुधीप कुलश्रेष्ठ के सानिध्य में आयोजित किया गया। विशेष प्रोजेक्टर प्रस्तुति के माध्यम से बच्चों को चांद, तारों, ग्रहों और अंतरिक्ष के रहस्यों से अवगत कराया गया। चांद की उत्पत्ति, उसकी सतह और वहां जीवन की संभावना जैसे विषयों पर चर्चा की गई। बच्चों ने ब्लैक होल, ग्रहों की कक्षा, और खगोलीय घटनाओं के बारे में भी जानकारी प्राप्त की। कार्य' म का मुख्य उद्देश्य बच्चों और ग्रामीणों को विज्ञान और अंतरिक्ष के प्रति जागरूक करना था। आयोजन ने न केवल बच्चों को बल्कि वयस्कों को भी अंतरिक्ष विज्ञान की ओर प्रेरित किया। कार्य' म के दौरान बच्चों ने उत्साहपूर्वक सवाल पूछे और अंतरिक्ष के विषय में अपनी जिज्ञासाओं को शांत किया। बच्चों में खगोल विज्ञान के प्रति गहरी रुचि और जागरूकता उत्पन्न की। कार्य' म का समापन बच्चों, अतिथियों और शिक्षकों के बीच संवाद के साथ हुआ। यह मेला न केवल बच्चों के लिए एक अविस्मरणीय अनुभव बना, बल्कि उनके अंदर एक वैज्ञानिक दृष्टिकोण विकसित करने में भी सहायक सिद्ध हुआ। आयोजकों ने भविष्य में इस प्रकार के और भी आयोजन करने की योजना बनाई है ताकि बच्चों को विज्ञान और खगोल विज्ञान से जोड़ा जा सके।

### 'अंतरिक्ष विज्ञान बच्चों के लिए कल्पना व वास्तविकता को जोड़ने का माध्यम'

संदीप सारड़ा ने कहा कि अंतरिक्ष विज्ञान बच्चों के लिए कल्पना और वास्तविकता को जोड़ने का माध्यम है। ऐसे आयोजनों से न केवल बच्चों की वैज्ञानिक समझ विकसित होती है बल्कि उनकी सोचने की क्षमता भी बढ़ती है। सुधीप कुलश्रेष्ठ ने खगोल विज्ञान की उपयोगिता पर प्रकाश डालते हुए कहा कि हमारे आसमान में छुपे रहस्य हर किसी को आकर्षित करते हैं। इस तरह के कार्य' म बच्चों में जिज्ञासा और ज्ञान की लालसा बढ़ाने के लिए अत्यधिक आवश्यक हैं। प्रधानाचार्य रविंद्र कुमार ने कहा कि इस तरह के कार्य' म बच्चों को विज्ञान और नवाचार के प्रति प्रेरित करते हैं और उनकी शिक्षा को नया दृष्टिकोण देते हैं। विज्ञान शिक्षक टेकाराम ने चंद्रमा और पृथ्वी की रोचक जानकारी दी।

### बच्चों और ग्रामीणों की प्रतिक्रिया

एक छात्र ने बताया कि यह पहली बार था जब उसने टेलिस्कोप से चांद को देखा। यह अनुभव अविस्मरणीय है और अब अंतरिक्ष के बारे में और अधिक जानने की इच्छा है। ग्रामीणों ने कार्यक्रम की प्रशंसा करते हुए कहा कि यह बच्चों के साथ सभी के लिए ज्ञानवर्धक और रोचक रहा।

### यह भी रहे मौजूद

*कार्यक्रम में प्रधानाचार्य रविंद्रकुमार, भारती एयरटेल फाउंडेशन से रजनीश परिहार, विज्ञान शिक्षक टेकाराम, शिक्षक अरुणा, प्रेमकुमार, हरिराम सैनी, ग्यारसीलाल, ढगलाराम, सुमन, जगाराम, वनाराम, नेमाराम, ग्रामीण मोहनलाल, करण, राहुल, कमलेशकुमार, ज्योति, ममता सहित कई लोग उपस्थित रहे।*

